बात भारत की
पाञ्चजन्य

लखनऊ में नकली नोटों के साथ आमिर गिरफ्तार



उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में जीआरपी ने चारबाग रेलवे स्टेशन पर एक युवक को नकली नोट के साथ गिरफ्तार किया है। आमिर खान नाम का युवक नकली नोट लेकर बरेली जा रहा था। इसी बीच पुलिस को सूचना मिली कि एक संदिग्ध युवक रेलवे स्टेशन के आठ नंबर प्लेटफार्म पर खड़ा है। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके बैग से नकली नोट बरामद हुए। जानकारी के अनुसार, आमिर खान 1 लाख 97 हजार रुपये लेकर पश्चिम बंगाल से चला था। लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन पर वह बरेली के लिए ट्रेन पकड़ने के लिए खड़ा था। बरेली की ट्रेन पकड़ने के पहले ही उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त आमिर खान बरेली के आंवला का मूल निवासी है। अभियुक्त ने पुलिस को बताया कि उसके मित्र के मामा राजन खान उर्फ नजमूल हक ने पैसों का लालच दिया था।

Source: https://panchjanya.com/2024/09/30/357108/bharat/uttar-pradesh/aamir-arrested-with-fake-notes-in-lucknow/